
RRB ALP & TECHNICIAN 2024
&
झारखण्ड पुलिस भर्ती
Pilot Batch (CBT- 1&2)
हरियाणा बैच
सेवक बैच
HISTORY
अकबर
Part -3
LIVE 13-04-2024 09:00 AM

⇒ ईस्ट इंडिया कंपनी की स्थापना के समय भारत का शासक अकबर था।

⇒ ग्वालियर में स्थित गुजरी महल का निर्माण मानसिंह ने करवाया था।

⇒ प्रसिद्ध चित्रकार दसवंत, अकबर के दरबार में रहते थे।

⇒ अकबर ने प्रसिद्ध चित्रकार अब्दुस्समद को शीरी कलम की उपाधि प्रदान की थी।

⇒ जरीं कलम की उपाधि :- मोहम्मद हुसैन

## सम्राट अकबर के नवरत्न :

① **बीरबल** : नवरत्नों में सबसे ज्यादा बुद्धिमान बीरबल था।

जन्म :- 1528 ई० में काल्पी के एक ब्राह्मण परिवार में

बचपन का नाम : महेश दास

⇒ बीरबल को अकबर के दरबार में पहुंचाने का श्रेय आमेर के राजा भारमल के पुत्र भगवान दास को जाता है।

⇒ उपाधि :- कविराज (इनकी योग्यता का सम्मान करते हुए अकबर ने २०० मनसब प्रदान किये)

⇒ अकबर द्वारा चलाए गए दीन-ए-इलाही धर्म को स्वीकार करने वाला प्रथम हिन्दू बीरबल था

⇒ 1583 ई० में बीरबल अकबर के न्याय विभाग का सर्वोच्च अधिकारी बना था।

⇒ मृत्यु : 1586 ई० में युसुफजाई कबीले से लड़ते समय

## ② अबुल फजल :-

⇒ जन्म :- 1550 ई० में आगरा में → अबुल फजल सूफी शेख मुबारक का पुत्र था

⇒ अकबरनामा व आइने अकबरी नामक ग्रंथ की रचना की।

⇒ अकबर द्वारा चलाए गए दीन-ए-इलाही धर्म का पुरोहित अबुल फजल था।

⇒ अमेरिका की खोज का उल्लेख किस मध्यकालिन भारतीय लेखक ने किया है → अबुल फजल

⇒ मृत्यु :- 1602 ई० शहजादा सलीम ने उस समय करा दी जब वह दक्षिण से आगरा की तरफ आ रहे थे।

⇒ पंचतंत्र का फारसी में अनुवाद अबुल फजल ने किया था।

↳ लेखक :- विष्णु शर्मा

↳ फारसी में अनुवाद :- अनवर-ए-सादत

⑤ तानसेन : जन्म :- ग्वालियर

↳ मूलनाम :- रामतनु पांडे

⇒ तानसेन संगीत में अति निपुण थे, इसलिए इन्हें संगीत सम्राट भी कहा जाता है

<u>उपाधि</u>:- कण्ठाभरणवाणी विलास

⇒ ध्रुपद गायन शैली विकास किया

⇒ अकबर के दरबार के प्रसिद्ध संगीतकार थे

⇒ <u>कृतियाँ</u>:- मिया की टोडी, मिया की मल्हार, मिया का सारंग, दरबारी कान्हडा

⇒ तानसेन ने इस्लाम धर्म स्वीकार किया तथा नाम अताअली खाँ रख लिया।

↳ मृत्यु → 1589

④ अब्दुल रहीम खान-ए-खाना :- बैरम खाँ के पुत्र थे।

⇒ बाबर द्वारा रचित बाबरनामा का फारसी में अनुवाद अब्दुल रहीम खान-ए-खाना ने किया था।

⇒ गुजरात के शासक को वीरता से युद्ध में पराजित करने के कारण अब्दुल रहीम को अकबर ने खान-ए-खाना की उपाधि प्रदान की थी

⇒ किस मुसलमान विद्वान का हिन्दी साहित्य में महत्वपूर्ण योगदान था - अब्दुल रहीम

## ⑤ मानसिंह :-

⇒ आमेर के राजा भारमल के पौत्र तथा भगवान दास का पुत्र था, जिसने अकबर के साम्राज्य विस्तार में मुख्य सेनापति की भूमिका निभाई थी।

→ मृत्यु :- 1611

⑥ टोडरमल :

⇒ अकबर के दरबार में आने से पहले टोडरमल शेरशाह सूरी के यहाँ नौकरी करते थे

⇒ 1562 ई० में अकबर की सेना में भर्ती हुए।